# ऑटो रिक्शा में चेन तोड़ने व जेब काटने वाली गुजराती गैंग पुलिस के हत्थे चढ़ी

## गांधी नगर थाना पुलिस ने महिला समेत चार बदमाशों को गिरफ्तार किया



गांधी नगर थाना पुलिस ने चेन तोड़ने वाली गुजराती गैंग की महिला सहित चार बदमाशों को गिरफ्तार किया।

- **आरोपी टारगेट सवारी को बातों मे लगाकर उसका ध्यान भटका कर नगदी, मोबाइल और आभूषण इत्यादि निकाल लेते है तथा कटर से सोने की चेन, कडा, चूडी, कुण्डल लूटते थे**

**जयपुर (कासं)।** गांधी नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ऑटो में बैठकर चेन तोड़ने और जेब काटने वाली गुजराती गैंग का पर्दाफाश करते हुए एक महिला सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व ज्ञानचंद यादव ने बताया कि गांधी नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ऑटो में बैठकर चेन तोड़ने और जेब काटने वाली गुजराती गैंग अरविंद राठौड़ (25) निवासी महुवा जिला भावनगर (गुजरात),अरविंद परमार(35) निवासी पालीताना जिला भावनगर(गुजरात), जया बेन (35) निवासी पालीताना जिला भावनगर(गुजरात) और नईम अली (32) निवासी खोह नागोरियान को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से जेब काटने और चेन तोड़ने में काम आने वाले छोटे फोल्डिंग चाकू को बतौर सबूत जब्त किया गया है।

आरोपित जया बेन,अरविंद परमार,नईम अली महेश नगर थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी गिरोह बंद होकर गुजरात से जयपुर व अन्य शहरों में जाकर वहां स्थानीय सम्पर्क बनाकर अधिक किराये का लालच देकर ऑटो किराये पर लेते है। और फिर उस ऑटो में एक महिला एवं एक या दो पुरुष बैठाकर ग्रामीण जैसे दिखने वाले पुरूष अथवा चैन,कडा इत्यादि आभूषण पहनी हुई बुजुर्ग महिला को टारगेट करते हुए उसी के पास ऑटो रोक कर उसे कम से कम किराया बताते है और फिर उनमें से पहले से बैठी हुई एक सवारी नीचे उतर जाती है।

फिर टारगेट सवारी को बीच में बैठाकर उसे बातों मे लगा कर उसका ध्यान भटका कर उसके बैग में चीरा लगा कर नगद रुपये, मोबाइल और आभूषण इत्यादि निकाल लेते है तथा कटर से सोने की चेन, कडा, चूडी, कुण्डल आदि आभूषण काट लेते है। फिर कोई बहाना बना कर उस सवारी को उतार कर भाग जाते है, यह लोग संदेह नहीं हो, इस लिए अपने साथ महिला व छोटे बच्चे भी रखते है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर अन्य वारदात के खुलासे का प्रयास कर रही है।

# एन.जी.टी. ने जलमहल की पाल पर 'नाइट मार्केट' अवैध माना

- **नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने इस मामले में जयपुर हैरिटेज नगर निगम पर प्रतिदिन 10 हजार रुपये के हिसाब से 266 दिन के लिए 26 लाख 60 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया**
- **ज्ञात रहे कि जयपुर में टूरिज्म बढ़ाने के लिए नगर निगम ने 1 नवंबर 2022 से 24 जुलाई 2023 तक जलमहल की पाल पर लगाया था 'नाइट मार्केट'**
- **प्रत्येक सप्ताह में दो दिन शाम 7 बजे से रात 1 बजे तक लगता था बाजार, जहां टेंट का डोम बनाकर 100 से ज्यादा अस्थाई दुकानों में होती थी बिक्री**

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में जलमहल की पाल पर "नाइट मार्केट" लगाने पर जयपुर नगर निगम हैरिटेज को बड़ा झटका लगा है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एन.जी.टी.) ने इस मामले पर लगी एक याचिका पर सुनवाई करते हुए इस मार्केट को अवैध करार देते हुए नगर निगम प्रशासन पर 10 हजार रुपये प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना 1 नवंबर 2022 से लेकर 24 जुलाई 2023 तक यानि 266 दिन के लिए लगाया गया है। करीब 26 लाख 60 हजार रुपये की यह रकम वसूलने के लिए प्रधान मुख्य वन संरक्षक को जिम्मेदारी दी गई है, साथ ही इस राशि को पर्यावरण संरक्षण के लिए उपयोग करने को कहा है।

सूत्रों की मानें तो एन.जी.टी. में पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के वकील अरविंद सोनी द्वारा पेश की गई दलीलों को स्वीकार करने के बाद जस्टिस शिव कुमार सिंह और ज्यूडिशियल मेंबर डॉ. ए. सैंथिल वेल ने यह आदेश दिए हैं। इससे पहले करीब 2 माह पूर्व भी इस प्रकरण पर सुनवाई हुई थी। इस सुनवाई के दौरान जयपुर कलेक्टर, प्रधान वन संरक्षक और राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मंडल के एक प्रतिनिधि ने मौका विजिट की रिपोर्ट पेश की थी। इस रिपोर्ट में जलमहल की पाल को इको सेंसिटिव जोन बताया गया, साथ ही नाइट बाजार के संचालन से यहां के पर्यावरण और जलमहल झील को खतरा होना बताया था। मौका रिपोर्ट को देखने के बाद नाइट मार्केट पर रोक लगाने के आदेश दिए थे।

सूत्रों की मानें तो जलमहल झील में हो रहे प्रदूषण और वहां की ग्राउंड वाटर की स्थिति पर भी एक रिपोर्ट बनाकर पेश करने के आदेश दिए गए थे। इस रिपोर्ट को शुक्रवार को सुनवाई में रखा गया, जिसमें बताया गया कि नाइट मार्केट का वेस्ट और यहां का प्रदूषित पानी जलमहल में छोड़ा जा रहा है, जिससे जलमहल झील को नुकसान हो रहा है। इस रिपोर्ट को देखने के बाद एन.जी.टी. ने इस नाइट मार्केट संचालन को अवैध मानते हुए नगर निगम हैरिटेज पर जुर्माना लगाया है। ज्ञात रहे कि राजेन्द्र तिवारी की ओर से भी एक याचिका एन.जी.टी. में लगाई गई थी, जिसमें बताया गया था कि जहां पर नाइट मार्केट शुरू किया गया है, वह एरिया नाहरगढ़ वाइल्ड लाइफ सेंचुरी के नजदीक है और इको सेंसिटिव जोन में आता है। इस जगह पर जलमहल झील है, जिसमें बाजार से होने वाला कचरा फैलाया जाता है, साथ ही यहां पर ध्वनि प्रदूषण भी होता है, जो कि आसपास के जीव-जंतुओं को प्रभावित करता है। ज्ञात रहे कि जयपुर में नाइट टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए नवंबर 2022 में जलमहल की पाल पर नाइट बाजार की शुरूआत की गई थी। सप्ताह में दो दिन शाम 7 बजे से लेकर रात 1 बजे तक नाइट मार्केट लगाया जाता था, टेंट के डोम बनाकर 100 से ज्यादा अस्थाई दुकानें बनाई जाती थी, जिसमें खाने-पीने के व्यंजन भी मिलते थे।

## राष्ट्रीय एजेंडा पर विचार गोष्ठी

**जयपुर।** भारतीय वरिष्ठ नागरिक राष्ट्र सुरक्षा संघ के बैनर तले जंतर-मंतर पर भारत सरकार के राष्ट्रीय एजेंडा पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न मुद्दों पर दिल्ली के वरिष्ठ नागरिक शामिल हुए। उन्होंने खुलकर भारत सरकार के राष्ट्रीय मुद्दों का समर्थन किया, जनसंख्या नियंत्रण कानून, एक समान नागरिक आचार कानून, अवैध घुसपैठ, देशद्रोहियों एवं भ्रष्टाचार्यों के संपत्ति कुर्क करने पर चर्चा की। आयुर्वेद के विख्यात डॉ. बलजीत सिंह डबास भारतीय वरिष्ठ नागरिक राष्ट्र सुरक्षा संघ के संस्थापक ने स्वास्थ्य के ऊपर चर्चा की। उन्होंने बताया कि हम किस प्रकार बिना औषध के स्वस्थ रह सकते हैं। डॉक्टर डबास ने एक पुस्तक लिखी भारतीय रसोई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जिसका विमोचन राम कुमार सोलंकी दिल्ली के 360 गांव के प्रधान ने किया व सैकड़ों पुस्तक वितरित की गई। इस कार्यक्रम में संस्था के सभी अधिकारी महासचिव अनिल भंडारी, उपाध्यक्ष बीएसएफ कमांडेंट रिटायर्ड ओपी शर्मा, आदेश कुमार राष्ट्रपति गोल्ड पदक से सम्मानित रिटायर्ड आर्मी अधिकारी, रुद्रपाल, कुलश्रेष्ठ, कार्यक्रम का संचालन ओम प्रकाश वर्मा ने किया।

# पिछले 5 साल में नौजवान हैरान, किसान परेशान, कानून व्यवस्था लहूलुहान और सरकार के अंदर घमासान : त्रिवेदी

## 'इससे ज्यादा प्रमाणिक क्या होगा जब खुद सरकार सदन के पटल पर लाल डायरी लहराती है, और उस लाल डायरी को छीनने के लिए हाथापाई होती है'



राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी

- **'राजस्थान में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी जल जीवन मिशन योजना, अधिकारियों, ठेकेदारों के घरों से बरामद हो रहे नकदी और सोना'**

**जयपुर।** राज्यसभा सांसद एंव राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने प्रदेश में इन पांच सालों के हालातों पर तंज कसते हुए कहा कि "नौजवान हैरान, किसान परेशान, कानून व्यवस्था लहूलुहान, सरकार के अंदर घमासान और किताबों के अंदर महाराणा प्रताप से ज्यादा अकबर महान" इस तरह के हालात हैं। आज जब राजस्थान आना होता है तब एक आक्रोश उत्पन्न होता है। पिछले 5 वर्षों में अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार में भ्रष्टाचार की भरमार है, नारियों का सम्मान तार-तार है, तुष्टिकरण की भरमार है और इस दृश्य को देखकर वेदना होती है। कांग्रेस ने सत्ता पाने से पहले बेरोजगार नौजवानों को भत्ता देने की गारंटी दी थी, लेकिन गारंटी पूरी नहीं की। पेपर लीक की बात करें तो डेढ़ दर्जन बार पेपर लीक हुए, किसानों के लिए 2018 के चुनाव में राहुल गांधी का जो तेवर था 1 से 10 तक की गिनती और कर्ज माफ लेकिन 5 साल हो गए हालात जस के तस हैं।

त्रिवेदी ने कहा कि राजस्थान में कभी सांप्रदायिक सौहार्द्र का वातावरण ऐसा नहीं था पहले कट्टरपंथियों का मनोबल इतना ऊंचा नहीं था जैसा कि अभी है। कानून व्यवस्था इतनी ध्वस्त नहीं थी जो इस समय दिखाई दे रही है। महिलाओं और दलितों पर अत्याचार में प्रदेश नंबर वन है महिलाओं के प्रति तो इतनी भयंकर घटनाएं हुई है जिसे बयां करना भी मुश्किल है। जल जीवन मिशन में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार और घोटाले के मामले राजस्थान में सामने आ रहे हैं। 42 लाख परिवारों को जल की सप्लाई हुई है। कर्नाटक के एक नेता का विडियो वायरल हो रहा है जिसमें समुदाय विशेष के लोगों को कहा जा रहा है कि जैसे कर्नाटक में एकजुट होकर हराया वैसे ही राजस्थान में करना है, एमपी में कमलनाथ कहते हैं कि हमें मुसलमानों के 100 प्रतिशत वोट चाहिए। वहीं कर्नाटक में कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष सतीश जारकी ने कहा कि हिंदु शब्द ही गंदा है।

त्रिवेदी ने कहा कि राजस्थान में लाल डायरी का मामला सदन के पटल पर उठाया जाता है, इसके तुरंत बाद मंत्री को बर्खास्त किया जाता है। इससे ज्यादा प्रमाणिक कुछ नहीं हो सकता, क्योंकि सरकार सदन के पटल पर बोल रही है और विधानसभा में लाल डायरी छीनने के लिए मारामारी हो रही है।

## हथियार के साथ बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत पुलिस थाना आदर्श नगर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार रखने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के पास से 01 देसी कट्टा एवं 02 जिंदा कारतूस बरामद किया है।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत सीएसटी ने पुलिस थाना आदर्श नगर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार रखने वाले आरोपित करण कुमार (25) निवासी दयानंद पुरी आदर्श नगर जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 01 देसी कट्टा एवं 02 जिंदा कारतूस बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपित करण कुमार मालवीय नगर जयपुर में साफ-सफाई काम करता है। यह अवैध हथियार 1-2 साल पूर्व सोशियल मीडिया पर देखकर 4000-5000 रुपये में खरीद कर लाया था। जिस व्यक्ति से हथियार खरीदा उसकी जानकारी नहीं है।

## सार-समाचार

### नेगोशिएशन कॉम्पिटिशन का शुभारंभ

**जयपुर, (का.सं.)।** विवेकानंद ग्लोबल विश्वविद्यालय में आर.के.रस्तोगी मेमोरियल नेशनल नेगोशिएशन कॉम्पिटिशन का उद्घाटन सत्र सम्पन्न हुआ। कॉम्पिटिशन का आयोजना एडीशनल सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया राजदीपक रस्तोग द्वारा विवेकानंद ग्लोबनल यूनिवर्सिटी के सहयोग से आयोजित कियाा गया। मुख्य अतिथि के रूप में मद्रास उच्च न्यायालय के पूवव्रमुख्य न्यायाधिपति एवं वर्तमान में मनीलॉड्रिंग ट्रिब्यूनल के चेयरमैन न्यायमूर्ति मुनीश्वरनाथ भंडारी उपस्थित रहे। राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति इन्द्रजीत सिंह, अनूप ढंढ एवं पूर्व न्यायाधिपति अशोक गौड़ भी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के संरक्षक डॉ.के.राम बगड़िया, चेयरपर्सन ललित पवांर, ओंकार बगड़िया अन्य न्यायाधीश एवं पूर्व न्यायाधीश, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं अन्य अधिवक्ता एवं कॉम्पिटिशियन में भारत के लॉ विश्वविद्यालयों की 32 टीम के विद्यार्थी मौजूद रहे।

### कार का कांच तोड़ भागे बदमाश

**जयपुर।** महेश नगर थाना इलाके में शुक्रवार देर रात बाइक सवार बदमाश कार का कांच तोडकर फरार हो गए। जिस समय बदमाश कार का कांच तोड़ रहे थे, उस दौरान सीसीटीवी कैमरे में लगा पूरा घटनाक्रम कैद हो गया। पुलिस अब सीसीटीवी कैमरों में आए फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में रामनगर स्वेजफार्म निवासी यश सैनी ने मामला दर्ज करवाया। जिमें बताया कि वह घर पर सो रहे थे, रात को तेज आवाज आई तो वह बाहर निकल कर आए। इसके बाद वह सोने चले गए। सुबह उठने पर जब उन्होंने कार को देखा तो उसके पीछे का कांच टूटा हुआ था। यश ने बताया कि घर के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगा रखे है। जिस समय बदमाश वारदात को अंजाम दे रहे थे, उस दौरान का पूरा घटनाक्रम कैमरे में कैद हो गया। फुटेज में तीन बदमाश ईट मारकर कार का कांच तोड़ते हुए दिखाई दे रहे है। गौरतलब है कि जवाहर सर्किल थाना इलाके में भी दो महीने पहले बदमाशों ने गाड़ियों के कांच तोड़ दिए थे। पुलिस अब तक इन बदमाशों को पकड़ नहीं पाई है।

### रामपाल बुनकर नर्सिंग अधीक्षक बने



**जयपुर।** सवाई मानसिंह अस्पताल में रामपाल बुनकर को धनवंतरी ओपीडी विभाग में नर्सिंग अधीक्षक के पद पर लगाया गया है। बुनकर फिलहाल ट्रोमा सेंटर में नर्सिंग अधीक्षक के पद पर कार्यरत थे। एसएमएस अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक ने इस संबंध में आदेश जारी किए। बुनकर के नर्सिंग अधीक्षक पद पर ज्वाइन करने पर सैकड़ो नर्सिंग कर्मचारियों ने उनका माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान नर्सेज नेता सोमसिंह मीणा, मनोज दुब्बी, नर्सिंग अधीक्षक डॉ. नवल, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर हेमराज गुप्ता, सतीश गुप्ता, राधेश्याम दायमा, रामचंद्र, महेंद्र नेहरा व पूर्णमल सहित कई कर्मचारी ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

### जयपुर फुट का प्रशिक्षण दिया

**जयपुर।** अफ्रीकी देश युगाण्डा और इथियोपिया से आए आठ तकनीशियनों को भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति ने आठ सप्ताह तक जयपुर फुट निर्माण में प्रशिक्षित किया। इस आठ सप्ताह के प्रशिक्षणण के दौरान बी.एम.वी.एस.एस. के तकनीशियनों ने युगाण्डा और इथियोपिया के तकनीशियनों को गहन प्रशिक्षण दिया गया। यह आठ प्रशिक्षार्थी भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के अन्तर्गत एक सहयोग कार्यक्रम के तहत युगाण्डा और इथियोपिया सरकार द्वारा जयपुर फट की निर्माण विधि सीखने जयपुर भेजे गए थे। इस पूरे कार्यक्रम का व्यय विदेश मंत्रालय ने उठाया था। विदेश मंत्रालय और बी.एम.वी.एस.एस. "इण्डिया फॉर ह्यूमैनिरीज" कार्यक्रम के अन्तर्गत विदेशों में कृत्रिम अंग जयपुर फुट का शिविर आयोजित करती हैं। पूर्व में युगाण्डा और इथियोपिया में आयोजित शिविरों में बड़ी संख्या में विकलांग लाभान्वित हुए थे। विदेश मंत्रालय बी.एम.वी.एस.एस. के संस्थापक और मुख्य संरक्षक डी.आर.मेहता ने कहा कि 41 देशों में दस हजार से अधिक विकलांग जयपुर फुट के सहारे चलते हैं जो भारत सरकार के सौजन्य से मुफ्त उपलब्ध कराए गए हैं। युगाण्डा के मुलागो नेशनल रैफरल अस्पताल जो कम्पाला में स्थित हैं तथा इथियोपिया की राजधानी अदिस अबाबा के इथियोपिया प्रोसेथेटिक आर्थोटिक सर्विस (इ.पी.ओ.एस.) में स्थायी केन्द्र प्रस्तावित हैं। प्रशिक्षार्थियों का जयपुर फुट के मुख्य परामर्शदाता डॉ.एम.के.माथुर ने गहन परिक्षण किया और उन्हें प्रशिक्षण के बाद योग्य पाया। एक समारोह में बी.एम.वी.एस.एस.के सचिव डॉ.दीपेन्द्र मेहता ने सभी आठों प्रशिक्षार्थियों को सर्टिफिकेट और स्मृति चिन्ह भेंट किए।

### सोलफुल वॉकिंग सत्संग का आयोजन

**जयपुर, (का.सं.)।** आर्ट ऑफ लिविंग जयपुर स्वयंसेवकों द्वारा मानसरोवर में 2 नवंबर को शाम 7:30 बजे से वाकिंग सत्संग का अयोजन किया गया। जहां आर्ट ऑफ लिविंग प्रक्षिक्षक और प्रसिद्ध गायक डॉ. सौरभ शेखावत और शंकर हेमराजानी ने 80 स्वयंसेवकों के साथ मानसरोवर की सड़कों पर सुरों का जादू बिखेर दिया। आयोजक एवं आर्ट ऑफ लिविंग प्रशिक्षक अमृषा एवम उत्कर्ष गुप्ता ने बताया कि केवल 45 मिनट में स्वयंसेवक 400 लोगों से मिले और उन सभी को आर्ट ऑफ लिविंग केंद्र में नि:शुल्क योग और ध्यान कार्यक्रम तथा साप्ताहिक सत्संग का अनुभव करने के लिए आमंत्रित किया गया।

# राह चलती महिला के गले से सोने की चेन तोड़ी

- **बाइक सवार बदमाश ने वैशाली नगर में वारदात की**

**जयपुर (कासं)।** वैशाली नगर इलाके में बाइक सवार बदमाश एक महिला सोने की चेन तोड़ ले गए। पुलिस ने बताया कि नेमी नगर विस्तार निवासी कृष्ण मुरारी शर्मा (86) ने मामला दर्ज करवाया है कि 31 अक्टूबर की शाम पत्नी बीना शर्मा सब्जी लेकर घर लौट रही थी। इस दौरान घर के पास बाइक सवार बदमाश सोने की चेन तोड़ ले गए।

वहीं, सोडाला थाने में भंबेश्वर कॉलोनी निवासी सलोनी गौतम ने 2 नवंबर को पुरानी चुंगी पर मोबइल छीनने की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। वहीं दूसरी ओर मालवीय नगर थाना इलाके में घर में सफाई के लिए आई मां-बेटी पर चोरी का आरोप लगा है। पुलिस ने बताया कि हरी मार्ग निवासी सुनंदा जैन ने मामला दर्ज करवाया है कि 30 अक्टूबर को ज्योति अपनी बेटी सहित घर पर काम मांगने आई थी।

आरोप है 31 अक्टूबर को घर में दोनों सफाई कर रही थी। परिवादिया सब्जी लेने गई थी। इस दौरान मां-बेटी घर में रखी ज्वैलरी चुरा ले गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## 65 बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया

**जयपुर।** राजकीय 'अ' श्रेणी आयुर्वेद चिकित्सालय बरकत नगर जयपुर में प्रधान चिकित्साधिकारी प्रभारी डॉ. सन्तोष चन्द्र, डॉ.शंकर सहाय पारीक, डॉ. गिरिराज राजोरिया, डॉ.अरूण दिवाकर की टीम ने पुष्य नक्षत्र के अवसर पर 0-14 वर्ष तक के 65 बच्चों को डाबर क सहयोग से स्वर्ण प्राशन करवाया गया। पुष्य नक्षत्र में स्वर्ण प्राशन से विशेष लाभ मिलता है। रोगी कल्याण समिति के सदस्य एवं समाज सेवी अमित महनोत। जैव रत्न चुनाव परिषद मित्तल कॉमर्स कालेज के संस्थापक एवं सीए मनोज जैन, विनोद हेडा, प्रवीण जैन, संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। डॉ. सन्तोष चन्द्र ने बताया कि स्वर्ण प्राशन से बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।

# पत्नी को जलाकर मारने का आरोप

**जयपुर।** सांगानेर सदर इलाके में पति के पत्नी की हत्या करने का मामला सामने आया है। मौत से पहले दोनों में किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। पति ने पत्नी की जमकर पिटाई की थी। पत्नी ने इसकी शिकायत घरवालों से की तो पति ने तारपीन का तेल डालकर आग लगा दी। विवाहिता को गंभीर हालत में एसएमएस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका के भाई ने पति सहित ससुराल वालों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया है।

पुलिस ने बताया कि मृतका सबीना (28) निवासी गोविंदपुरा, सांगानेर की करीब 7 साल पहले नजीब अंसारी के साथ शादी हुई थी। आरोप है कि पिछले 2-3 साल से ससुराल वाले उसे टॉर्चर कर रहे थे। घरवालों से किसी भी प्रकार का कॉन्टैक्ट रखने पर पति उसे छोड़ने और बच्चों से अलग करने की धमकी देता था। पिछले 4-5 महीने से आरोपी पति छोटी-छोटी बातों पर लगातार उससे मारपीट करता था। मृतका के भाई मोहम्मद यामीन का आरोप है कि 26 अक्टूबर की रात आरोपी पति नजीब ने सबीना को बहुत बुरी तरह से पीटा था। सबिना ने मारपीट के बारे में घरवालों को बताने की बात कही तो नजीब ने इस बारे में किसी को बताने के लिए मना किया और धमकाया। सबीना के नहीं मानने पर नजीब ने तारपीन का तेल डालकर उसको जिंदा जला दिया। इस दौरान उसके ससुराल वाले खड़े होकर देखते रहे। यामीन ने बताया कि रात करीब 10:30 बजे सबीना के चिल्लाने की आवाज सुनकर आस-पास के लोग बचाने भागे। पड़ोसियों ने पानी डालकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक सबीना 90 प्रतिशत झुलस गई थी। गंभीर हालत में पड़ोसियों ने अपनी गाड़ी से उसे हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। मृतका के भाई का आरोप है कि बर्न वार्ड में इलाज के दौरान सबीना को उसकी सास-पति ने किसी को कुछ नहीं बताने के लिए धमकाया, लेकिन जब मेरी सबीना से बात हुई तो उसने सब कुछ बता दिया। मैंने पुलिस में शिकायत करने की बात कही तो सबीना ने ठीक होने के बाद रिपोर्ट दर्ज करवाने के लिए कहा था। लेकिन इलाज के दौरान 1 नवंबर को शाम करीब 4 बजे सबीना की मौत हो गई। सबीना की मौत का पता चलते ही सास और पति हॉस्पिटल में लाश छोड़कर भाग निकले। उन्होंने पोस्टमॉर्टम के लिए शव को मॉर्च्यूरी में रखवाया।

# आवासीय भूमि पर धड़ल्ले से संचालित हो रहा है "नेगचार बाग बेन्कवेंट एवं रेस्टोरेंट"

## सोनी मणिपाल अस्पताल के सामने गिरधर कॉलोनी में बना हुआ है रेस्तरां

- **जेडीए प्रशासन ने वर्ष 2019 में अवैध निर्माणकर्ता नवीन चौधरी और चंचल चौधरी को नोटिस तो दिया, लेकिन कार्रवाई के बजाय चुप्पी साध ली**
- **सूत्रों की मानें तो जिस भूमि पर यह रेस्टोरेंट बना हुआ है, वहां मल्टीस्टोरी बिल्डिंग बनाने के लिए भूमि मालिकों ने श्रीनाथकृपा डवलपर्स प्रा. लि. के साथ समझौता किया था।**
- **जब बिल्डर ने इस मामले की शिकायत यूडीएच मंत्री को भेजी तो गत 21 सितंबर को नगरीय विकास विभाग के शासन सचिव ने जे.डी.ए. प्रशासन से जवाब मांगा था**

**जयपुर (कासं)।** राजधानी जयपुर में सीकर रोड पर सोनी मणिपाल अस्पताल के सामने गिरधर कॉलोनी में बना "नेगचार बाग बेन्कवेट एवं रेस्टोरेंट" आवासीय भूमि पर बना है। जेडीए प्रशासन ने वर्ष 2019 में इस रेस्तरां संचालक को धारा-32 का नोटिस जारी किया था, लेकिन कार्रवाई करने के बजाय चुप्पी साध ली।

सूत्रों की मानें तो जिस भूमि पर यह रेस्टोरेंट बना हुआ है, उस जमीन पर मल्टीस्टोरी बिल्डिंग बनाने के लिए भूमि मालिकों ने श्रीनाथकृपा डवलपर्स प्रा. लि. के साथ समझौता किया था। वर्ष 2008 में हुए करारनामे के मुताबिक इस जमीन का भू-उपयोग कृषि से बदलवाकर आवासीय करवा लिया था, लेकिन बाद में जमीन मालिकों ने श्रीनाथकृपा डवलपर्स को जमीन का कब्जा नहीं सौंपा और इस भूमि पर "नेगचार बाग बेन्कवेंट एवं रेस्टोरेंट" बना लिया। बिल्डर ने इस मामले की शिकायत पहले तो कई बार जेडीए प्रशासन को दी, लेकिन जब वहां से कोई कार्रवाई नहीं हुई तो उन्होंने नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल से लेकर नगरीय विकास विभाग के बड़े अफसरों को शिकायत भेजी। जिस पर यूडीएच शासन सचिव ने 21 सितंबर 2023 को जेडीए प्रशासन को नोटिस जारी कर इस मामले पर रिपोर्ट मांगी। नगरीय विकास विभाग के सचिव को जवाब भिजवाते हुए जेडीए सचिव नलिनी कठोतिया ने 30 अक्टूबर 2023 को पत्र लिखा। जिसमें उन्होंने कहा कि, अवैध निर्माणकर्ता नवीन चौधरी और चंचल चौधरी को जयपुर विकास प्राधिकरण की धारा-32 का नोटिस 7 अगस्त 2019 को जारी कर दिया गया था, इसके बाद अवैध निर्माणकर्ताओं के विरूद्ध न्यायालय में भी 6 जनवरी 2021 को चालान पेश किया चुका है।

# टैक्सी चालक का अपहरण कर लूटने वाले बदमाश गिरफ्तार

- **मानसरोवर थाना पुलिस ने किया वारदात का खुलासा**
- **पुलिस ने गैंग के दो बदमाशों को बापर्दा गिरफ्तार किया**
- **सीसीटीवी फुटेज की मदद से हुई बदमाशों की पहचान**

**जयपुर।** राजधानी की मानसरोवर थाना पुलिस ने टैक्सी चालक को हथियार दिखाकर अपहरण व लूट करने वाली गैंग का पर्दापाश कर दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

डीसीपी साउथ योगेश गोयल ने बताया कि 30 अक्टूबर को राहुल कुमार मीणा ने थाने में मामला दर्ज कराया था। उसने पुलिस को बताया कि रात को करीबन डेढ़ बजे चार लोग मोटरसाईकिल पर आये और उससे सिंधी कैम्प ऑफ राईड ले जाने के लिये कहने लगे। मना करने पर उसकी गाडी के अन्दर तीन लोग घुस गये। इस दौरान उन्होंने जबरदस्ती उसे गाडी मे पीछे की साईड पटक दिया तथा सिर पर हथियार लगा दिया। बदमाशों ने उसकी ऑखों पर पटटी बांध दी तथा उसे रींगस इन्डस्ट्रीज एरिया में पटकर कर गाडी लेकर फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस टीम का गठन किया। पुलिस ने मौके पर जाकर आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। जिससे वारदात में काम ली गई मोटरसाईकिल के नम्बरो की पहचान कर अपराधियों को नामजद किया गया। इसके बाद मुखबिर व तकनीकी सहायता से एक रूट मैप तैयार किया गया, जिसके आधार पर पुलिस को आरोपियों का खण्डेला जिला नीमकाथाना मे होना मालूम चला।

इस पर पुलिस टीम ने रात को मकान पर दबीश दी। पुलिस टीम के पहुँचने की भनक लगने पर आरोपियों ने मकान की छत से कुदते हुये अंधेरा का फायदा उठाकर भागने के कोशिश की। इस दौरान पुलिस ने आरोपियों का करीब दो किलोमीटर पीछा कर उन्हें दबोच लिया।